रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

सी०ई०एन० ०८/२०२४ -7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल १ में विभिन्न पदों हेतु

CEN 08/2024- Various Posts in Level 1 of 7th CPC Pay Matrix

सत्यमेव जयते

| | |
|---|---|
| Test Date | 15/12/2025 |
| Test Time | 4:30 PM - 6:00 PM |
| Subject | RRB Level 01 Stage I |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **General Science**

**Q.1** विद्युत बल्ब का फिलामेंट टंगस्टन से क्यों बना होता है?

Ans
✗ A. यह एक अच्छा चालक है
✗ B. इसका गलनांक निम्न होता है
✗ C. यह सस्ता होता है
✓ D. इसका प्रतिरोध उच्च होता है तथा यह उच्च तापमान सहन कर सकता है

**Q.2** छोटी आंत में दीर्घरोम (villi) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

कथन:
A: अवशोषण के लिए पृष्ठीय क्षेत्रफल में वृद्धि करते हैं
B: रुधिर वाहिकाएं होती हैं
C: उत्सर्जन में सहायता करते हैं
D: पचे हुए पोषक तत्वों को अवशोषित करते हैं

Ans
✗ A. केवल कथन A
✗ B. केवल कथन A, B और C
✗ C. केवल कथन B
✓ D. केवल कथन A, B और D

**Q.3** मानव शरीर में कौन-सी ग्रंथि वृद्धि हार्मोन का स्राव करती है?

Ans
✗ A. अग्न्याशय
✗ B. अवटु ग्रंथि
✗ C. अधिवृक्क ग्रंथि
✓ D. पीयूष ग्रंथि

**Q.4** निम्नलिखित में से कौन-सी परिघटना, स्वच्छ आकाश के नीले रंग के लिए उत्तरदायी है?

Ans
✗ A. परिक्षेपण
✓ B. प्रकीर्णन
✗ C. अपवर्तन
✗ D. परावर्तन

| Q.5 | उत्तल लेंस के F और 2F के बीच रखी गई वस्तु ________ प्रतिबिंब बनाती है। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. अनंत पर, वास्तविक, उल्टा और समान आकार |
| | ✗ B. F और लेंस के बीच, आभासी, सीधा और संकोचित |
| | ✓ C. 2F से परे, वास्तविक, उल्टा, और आवर्धित |
| | ✗ D. 2F पर, वास्तविक, उलटा और संकोचित |

| Q.6 | अधातुओं के भौतिक गुणधर्मों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. अधातुएँ, आघातवर्ध्य एवं तन्य होती हैं। |
| | ✗ B. अधातुएँ, विद्युत की सुचालक होती हैं। |
| | ✓ C. अधातुएँ सामान्यतः ठोस अवस्था में भंगुर होती हैं। |
| | ✗ D. अधातुओं का घनत्व और गलनांक उच्च होता है। |

| Q.7 | निम्नलिखित में से किस सरल स्थायी ऊतक में कोशिका भित्तियां, लिग्निफाइड (lignified) होती है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. मृदूतक (Parenchyma) |
| | ✗ B. श्लेषोतक (Collenchyma) |
| | ✗ C. फ्लोएम (Phloem) |
| | ✓ D. दृढ़ोतक (Sclerenchyma) |

| Q.8 | मस्तिष्क का कौन-सा भाग रक्तचाप, लार स्रवण और वमन जैसी अनैच्छिक क्रियाओं को नियंत्रित करता है? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. मेडुला ऑब्लांगेटा (Medulla oblongata) |
| | ✗ B. अनुमस्तिष्क (Cerebellum) |
| | ✗ C. प्रमस्तिष्क (Cerebrum) |
| | ✗ D. थैलेमस (Thalamus) |

| Q.9 | निम्नलिखित में से कौन-सा पदार्थ, प्रकृति में अक्रिय होता है और लंबी अवधि तक पर्यावरण में मौजूद रहता है तथा पारिस्थितिकी तंत्र के विभिन्न अवयवों को क्षति पहुंचाता है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. चाय पीने वाले मृत्तिका कुल्हड़ (Tea clay kullhads) |
| | ✓ B. डिस्पोजेबल प्लास्टिक कप (Disposable plastic cups) |
| | ✗ C. डिस्पोजेबल पेपर कप (Disposable paper cups) |
| | ✗ D. चाय पत्ती (Tea leaves) |

| Q.10 | निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, औसत चाल की प्रकृति का वर्णन करता है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. यह एक सदिश राशि (परिमाण और दिशा) है। |
| | ✗ B. यह ऋणात्मक हो सकती है। |
| | ✓ C. यह एक अदिश राशि (केवल परिमाण) है। |
| | ✗ D. यह सदैव औसत वेग के बराबर या उससे कम होती है। |

| Q.11 | निषेचन के लिए पराग कण को पुष्प के किस उपयुक्त भाग पर पहुंचना चाहिए? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. बाह्यदल (Sepal) |
| | ✗ B. तंतु (Filament) |
| | ✗ C. दल (Petal) |
| | ✓ D. वर्तिकाग्र (Stigma) |

| Q.12 | कौन-सा कथन, एक परमाणु में प्रोटॉन के अभिलक्षणों का सटीक वर्णन करता है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. वे ऋणावेशित कण हैं। |
| | ✓ B. वे एक परमाणु के नाभिक में स्थित होते हैं। |
| | ✗ C. इलेक्ट्रॉनों की तुलना में उनका द्रव्यमान नगण्य होता है। |
| | ✗ D. वे नाभिक के चारों ओर निश्चित कक्षाओं में परिक्रमण करते हैं। |

| Q.13 | अलैंगिक जनन, लैंगिक जनन से भिन्न होता है। निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, अलैंगिक जनन को निरूपित नहीं करता है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. द्वि-खंडन |
| | ✗ B. पुनर्जनन |
| | ✓ C. नर और मादा दोनों जनन भागों का शामिल होना |
| | ✗ D. खंडन |

| Q.14 | धारा के प्रवाह के कारण चालक में उत्पन्न ऊष्मा _______ पर निर्भर नहीं करती है। |
|---|---|
| Ans | ✓ A. धारा की दिशा। |
| | ✗ B. किसी दी गई धारा के लिए प्रतिरोध। |
| | ✗ C. धारा की मात्रा। |
| | ✗ D. धारा प्रवाह की अवधि। |

| Q.15 | एक रेलगाड़ी 180 km/hr की चाल से यात्रा कर रही है। इसमें ब्रेक इस प्रकार लगाए जाते हैं कि (- 1 $m/s^2$) का एकसमान त्वरण उत्पन्न हो। विरामावस्था में पहुंचने से पूर्व रेलगाड़ी द्वारा तय की गई दूरी कितनी होगी? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 16,200 m |
| | ✗ B. 1620 m |
| | ✓ C. 1250 m |
| | ✗ D. 125 m |

| Q.16 | निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. कार्य, विस्थापन के बिना किया जा सकता है। |
| | ✓ B. कार्य के लिए बल और विस्थापन दोनों की आवश्यकता होती है। |
| | ✗ C. कार्य, बल के बिना किया जा सकता है। |
| | ✗ D. कार्य, विस्थापन से स्वतंत्र होता है। |

| Q.17 | जीवाणु और प्रोटोजोआ जैसे एककोशिकीय जीवों में द्वि-खंडन की प्रक्रिया में, निम्नलिखित में से किसके घटित होने की संभावना सबसे कम होती है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. दूसरे जनक की आवश्यकता नहीं |
| | ✗ B. अनुकूल परिस्थितियों में जनसंख्या में तीव्र वृद्धि |
| | ✗ C. समान संतति कोशिकाओं का निर्माण |
| | ✓ D. आनुवंशिक पदार्थ का असमान विभाजन |

| Q.18 | निम्नलिखित में से कौन-सा विषमांगी मिश्रण है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. शर्करा विलयन |
| | ✗ B. वायु |
| | ✓ C. मिट्टी |
| | ✗ D. सिरका |

| | |
|---|---|
| Q.19 | ऐनोडीकरण (Anodising) सामान्यत: किस धातु पर किया जाता है? |
| Ans | ✗ A. स्टील |
| | ✗ B. जिंक |
| | ✗ C. कॉपर |
| | ✓ D. ऐलुमिनियम |

| | |
|---|---|
| Q.20 | निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म, डिवाइस को उसके मुख्य उपयोग से सुमेलित करता है? |
| Ans | ✗ A. हॉर्न - रक्तदाब मापना |
| | ✗ B. स्टेथोस्कोप - ध्वनि को एक बड़े दर्शक वर्ग तक पहुंचाना |
| | ✓ C. हॉर्न - संगीतमय ध्वनि को बढ़ाना |
| | ✗ D. मेगाफोन - हृदयस्पंद सुनना |

| | |
|---|---|
| Q.21 | कौन-सा क्रियाकलाप दर्शाता है कि पदार्थ के कण निरंतर गतिमान रहते हैं? |
| Ans | ✗ A. जल को उसके क्वथनांक तक गर्म किया जा रहा है |
| | ✗ B. कक्ष तापमान पर बर्फ पिघल रही है |
| | ✗ C. जल से भरे गिलास के तल में चीनी जम रही है |
| | ✓ D. कमरे में इत्र की खुशबू फैल रही है |

| | |
|---|---|
| Q.22 | निम्नलिखित प्रोटॉनों और न्यूट्रॉनों की संख्या के संगत तत्वों का पूर्वानुमान लगाएं।<br>A: 20 प्रोटॉन और 20 न्यूट्रॉन<br>B: 19 प्रोटॉन और 20 न्यूट्रॉन |
| Ans | ✗ A. A: पोटेशियम, B: कैल्शियम |
| | ✗ B. A: कैल्शियम, B: मैग्नीशियम |
| | ✓ C. A: कैल्शियम, B: पोटेशियम |
| | ✗ D. A: मैग्नीशियम, B: पोटेशियम |

| | |
|---|---|
| Q.23 | यदि 600 N भार वाला एक व्यक्ति दो पैरों पर खड़ा है, जिनका कुल संपर्क क्षेत्रफल 0.05 $m^2$ है, तो रेत पर लगाया गया दाब ज्ञात करें। |
| Ans | ✗ A. 600 Pa |
| | ✓ B. 12,000 Pa |
| | ✗ C. 30,000 Pa |
| | ✗ D. 300 Pa |

| | |
|---|---|
| Q.24 | निम्नलिखित में से कौन-सी अभिक्रिया, ब्लीचिंग पाउडर के संश्लेषण को निरूपित करती है? |
| Ans | ✓ A. $2Ca(OH)_2 + 2Cl_2 \rightarrow Ca(ClO)_2 + CaCl_2 + 2H_2O$ |
| | ✗ B. $2Ca(OH)_2 + 2Cl_2 \rightarrow CaOCl_2 + CaCl_2 + H_2O$ |
| | ✗ C. $2Ca(OH)_2 + 2NaCl \rightarrow CaOCl_2 + CaCl_2 + 2NaOH + H_2O$ |
| | ✗ D. $2Ca(OH)_2 + 2NaCl \rightarrow Ca(OCl)_2 + CaCl_2 + 2H_2O$ |

| | |
|---|---|
| Q.25 | साबुन अणु का जलरागी सिरा कैसा होता है? |
| Ans | ✗ A. अनायनिक और तेल में विलेय |
| | ✗ B. उदासीन और अध्रुवीय |
| | ✗ C. अनायनिक और जल में विलेय |
| | ✓ D. आयनिक और जल के साथ परस्पर क्रिया करता है |

Section : **Mathematics**

| Q.26 | आज से 8 वर्ष पहले एक माता की आयु उसकी पुत्री की आयु की पाँच गुनी थी। अब से 2 वर्ष बाद, माता की आयु उसकी पुत्री की आयु की तीन गुनी हो जाएगी। माता की वर्तमान आयु और उसकी पुत्री की वर्तमान आयु का अनुपात ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 15 : 8 |
| | ✗ B. 22 : 9 |
| | ✓ C. 29 : 9 |
| | ✗ D. 17 : 8 |

| Q.27 | साक्षी 36 km/hr की चाल से एक शॉपिंग मॉल जाती है और 24 km/hr की चाल से वापस आती है। संपूर्ण यात्रा के दौरान उसकी औसत चाल (km/hr में) ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 23.5 |
| | ✓ B. 28.8 |
| | ✗ C. 36.4 |
| | ✗ D. 37.8 |

| Q.28 | दो कारें एक ही बिंदु से चलना शुरू करती हैं और एक ही दिशा में यात्रा करती हैं। यदि एक कार 55 km/hr और दूसरी 72 km/hr की चाल से चलती है, तो 3 घंटे बाद वे एक-दूसरे से कितनी दूरी पर होंगी? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. 51 km |
| | ✗ B. 57 km |
| | ✗ C. 45 km |
| | ✗ D. 61 km |

| Q.29 | ₹3,787 को A, B, C और D के बीच इस प्रकार विभाजित किया जाता है कि A और B, B और C, तथा C और D के हिस्से क्रमशः 4 : 5, 4 : 5 और 6 : 7 के अनुपात में हैं। A का हिस्सा (₹ में) ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 708 |
| | ✓ B. 672 |
| | ✗ C. 628 |
| | ✗ D. 604 |

| Q.30 | यदि आँकड़ों 12, 9, 10, 12, 13, (2K - 2), 13, 19, 15 और 17 का बहुलक 12 है, तो K का मान ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 6 |
| | ✗ B. 5 |
| | ✗ C. 8 |
| | ✓ D. 7 |

| Q.31 | एक दुकानदार छूट की निम्नलिखित तीन स्कीमें घोषित करता है। ग्राहक के लिए कौन-सी स्कीम सबसे अधिक लाभदायक है?<br>A. 5 वस्तुएं खरीदें और एक जैसी 22 वस्तुएं मुफ़्त पाएं<br>B. 13% और 38% की दो क्रमिक छूट<br>C. 21% की दो समान क्रमिक छूट |
|---|---|
| Ans | ✗ A. केवल B |
| | ✓ B. केवल A |
| | ✗ C. केवल C |
| | ✗ D. A और C दोनों |

| Q.32 | तीन संख्याएं 7 : 20 : 8 के अनुपात में हैं और इन संख्याओं का योगफल 4830 है। बीच की संख्या ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✓ A. 2760 |
| | ✗ B. 2761 |
| | ✗ C. 2763 |
| | ✗ D. 2759 |

| Q.33 | 36 cm त्रिज्या वाला एक धातु का गोला एक ऐसे बेलनाकार बर्तन में डाला जाता है, जो आंशिक रूप से पानी से भरा है। बर्तन का व्यास 4.8 मीटर है। यदि गोला पूरी तरह से पानी में डूब जाए, तो ज्ञात कीजिए कि पानी की सतह कितनी ऊपर उठ जाएगी। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 2.08 cm |
| | ✓ B. 1.08 cm |
| | ✗ C. 1.82 cm |
| | ✗ D. 2.82 cm |

| Q.34 | 7 पुरुष या 6 महिलाएं किसी कार्य को 15 दिन में कर सकते हैं। 7 पुरुष 8 दिन काम करते हैं और फिर काम छोड़ देते हैं। शेष कार्य को 6 दिन में पूरा करने के लिए आवश्यक महिलाओं की संख्या ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 6 |
| | ✗ B. 8 |
| | ✗ C. 10 |
| | ✓ D. 7 |

| Q.35 | $\frac{(0.12)^2 + (0.123)^2 + (0.1234)^2}{(0.012)^2 + (0.0123)^2 + (0.01234)^2}$ का मान ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 10 |
| | ✗ B. 1000 |
| | ✗ C. 1 |
| | ✓ D. 100 |

| Q.36 | न्यू इयर सेल के दौरान एक कंपनी ग्राहकों को '9 स्वेटर की खरीद पर 3 मुफ्त पाएं' का ऑफर दे रही है। इस डील में कितने प्रतिशत छूट दी गई है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 30% |
| | ✗ B. 23% |
| | ✓ C. 25% |
| | ✗ D. 27% |

| Q.37 | दो संख्याओं का योगफल 25 है। उनमें से एक संख्या दूसरी से 9 अधिक है। वे संख्याएँ ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 16 और 9 |
| | ✗ B. 11 और 14 |
| | ✗ C. 10 और 15 |
| | ✓ D. 17 और 8 |

| Q.38 | $(24 - 6 \times 3) + 18 \div 3 \times 2$ को सरल करें। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 30 |
| | ✗ B. 12 |
| | ✓ C. 18 |
| | ✗ D. 24 |

| Q.39 | एक निश्चित धनराशि साधारण ब्याज पर 8 वर्षों में स्वयं की तीन गुनी हो जाती है। कितने वर्षों में यह चार गुनी हो जाएगी? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. 12 |
| | ✗ B. 11 |
| | ✗ C. 10 |
| | ✗ D. 13 |

| Q.40 | यदि किसी संख्या के $\frac{1}{2}$ के 80% का 50%, 442 है, तो संख्या ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 1480 |
| | ✗ B. 3530 |
| | ✗ C. 3630 |
| | ✓ D. 2210 |

| Q.41 | यदि 2a + b + c = 0 और $8a^3 + b^3 + c^3 = kabc$ है, तो $k^2$ का मान ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✓ A. 36 |
| | ✗ B. 25 |
| | ✗ C. 49 |
| | ✗ D. 16 |

| Q.42 | एक दुकानदार ने ₹3,600 में 20 kg सेब खरीदे और उन्हें ₹220/kg की दर से बेचा। उसे कितना लाभ (₹ में) हुआ? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 600 |
| | ✓ B. 800 |
| | ✗ C. 750 |
| | ✗ D. 700 |

| Q.43 | △ABC में, बिंदु D पर BD ⊥ AC है और ∠DBC = 72° है। BC पर एक बिंदु E इस प्रकार है कि ∠CAE = 71° है। ∠AEB की माप कितनी है? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. 89° |
| | ✗ B. 88° |
| | ✗ C. 92° |
| | ✗ D. 93° |

| Q.44 | 1,206 सैनिकों की एक फौज के पास 24 दिनों का रसद है। यदि फौज में सैनिकों की संख्या बढ़ाकर 1,809 कर दी जाए, तो रसद कितने दिनों तक चलेगी? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 18 |
| | ✓ B. 16 |
| | ✗ C. 15 |
| | ✗ D. 17 |

| Q.45 | किसी क्रिकेटर की 5 पारियों में रनों का औसत 55 है। यदि वह छठी पारी में 166 रन बनाता है, तो उसके औसत स्कोर में कितने रन (निकटतम पूर्ण संख्या तक पूर्णांकित) की वृद्धि होगी? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. 19 |
| | ✗ B. 10 |
| | ✗ C. 18 |
| | ✗ D. 8 |

| Q.46 | एक ठोस बेलन का आयतन 34,650 $cm^3$ है। यदि ऊँचाई 25 cm है, तो आधार की परिधि ज्ञात कीजिए। ($\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग कीजिए) |
|---|---|
| Ans | ✓ A. 132 cm |
| | ✗ B. 121 cm |
| | ✗ C. 135 cm |
| | ✗ D. 128 cm |

| Q.47 | यदि $\tan A = \frac{6}{7}$ है, तो $\frac{7\sin A + 2\cos A}{7\sin A - 2\cos A}$ का मान ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✔ A. $2$ |
| | ✗ B. $\frac{9}{5}$ |
| | ✗ C. $-\frac{19}{5}$ |
| | ✗ D. $5$ |

| Q.48 | एक वॉशिंग मशीन की कीमत एक टीवी की कीमत से 20% कम है। यदि वॉशिंग मशीन की कीमत 45% बढ़ जाती है और टीवी की कीमत 38% कम हो जाती है, तो 5 वॉशिंग मशीन और 4 टीवी की कुल कीमत में कितना प्रतिशत परिवर्तन होगा? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 10% की कमी |
| | ✔ B. 3.5% की वृद्धि |
| | ✗ C. 9% की कमी |
| | ✗ D. 2.5% की वृद्धि |

| Q.49 | A, B और C किसी काम को क्रमशः 2, 8 और 8 दिनों में पूरा कर सकते हैं। एक साथ काम करते हुए, वे उसी काम का तीन गुना काम पूरा करने में कितना समय (दिनों में) लेंगे? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 12 |
| | ✗ B. 5 |
| | ✔ C. 4 |
| | ✗ D. 8 |

| Q.50 | एक व्यक्ति ने किराने के सामान पर ₹14,000 खर्च किए, मकान के किराए पर ₹8,000 खर्च किए, बच्चों की स्कूल फीस पर ₹10,000 खर्च किए और कुल आय का शेष 20% नकद अपने पास रख लिया। उसकी आय ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. ₹50,000 |
| | ✗ B. ₹52,000 |
| | ✔ C. ₹40,000 |
| | ✗ D. ₹46,000 |

Section : **General Intelligence and Reasoning**

| Q.51 | राजेन बिंदु A से चलना शुरू करता है और पूर्व की ओर 54 km गाड़ी चलाता है। फिर वह दाएं मुड़ता है, 56 km गाड़ी चलाता है, फिर दाएं मुड़ता है और 56 km गाड़ी चलाता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 65 km गाड़ी चलाता है। वह अंत में दाएं मुड़ता है, 2 km गाड़ी चलाता है और बिंदु P पर रुकता है। बिंदु A पर दोबारा पहुँचने के लिए उसे कितनी दूरी (सबसे कम दूरी) और किस दिशा में गाड़ी चलानी चाहिए?<br><br>(नोट: सभी मोड़ केवल 90° के हैं, जब तक कि निर्दिष्ट न किया गया हो।) |
|---|---|
| Ans | ✗ A. दक्षिण में 8 km |
| | ✗ B. उत्तर में 7 km |
| | ✗ C. उत्तर में 6 km |
| | ✔ D. दक्षिण में 9 km |

| Q.52 | मयंक बिंदु A से चलना शुरू करता है और दक्षिण की ओर 45 km गाड़ी चलाता है। फिर वह बाएं मुड़ता है, 46 km गाड़ी चलाता है, फिर बाएं मुड़ता है और 54 km गाड़ी चलाता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 63 km गाड़ी चलाता है। वह अंत में बाएं मुड़ता है, 9 km गाड़ी चलाता है और बिंदु P पर रुकता है। बिंदु A पर दोबारा पहुँचने के लिए उसे कितनी दूरी (सबसे कम दूरी) और किस दिशा में गाड़ी चलानी चाहिए?<br><br>(नोट: सभी मोड़ केवल 90° के हैं, जब तक कि निर्दिष्ट न किया गया हो।) |
|---|---|
| Ans | ✗ A. पूर्व में 16 km |
| | ✗ B. पश्चिम में 14 km |
| | ✓ C. पूर्व में 17 km |
| | ✗ D. पश्चिम में 15 km |

| Q.53 | यह प्रश्न नीचे दी गई पांच, तीन-अंकीय संख्याओं पर आधारित है।<br><br>(बाएं) 658 223 661 257 666 (दाएं)<br><br>(उदाहरण- 697 - पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)<br>(नोट - सभी संक्रियाएं बाएं से दाएं की ओर की जानी हैं।)<br><br>यदि सबसे बड़ी संख्या के दूसरे अंक को सबसे छोटी संख्या के तीसरे अंक में जोड़ा जाए, तो परिणाम क्या प्राप्त होगा? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 11 |
| | ✗ B. 14 |
| | ✗ C. 12 |
| | ✓ D. 9 |

| Q.54 | निम्नलिखित श्रृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए (सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं) (गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।)<br><br>(बाएं) 7 5 2 1 1 6 6 9 8 6 1 7 1 1 9 6 7 3 6 9 9 8 1 (दाएं)<br><br>ऐसे कितने विषम अंक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक सम अंक है तथा ठीक बाद में एक विषम अंक है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. दो |
| | ✗ B. तीन |
| | ✓ C. चार |
| | ✗ D. एक |

| Q.55 | निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह, दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर आएगा?<br><br>TLD, WOG, ZRJ, CUM, ? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. FXP |
| | ✗ B. FYP |
| | ✗ C. FXQ |
| | ✗ D. FYQ |

| Q.56 | किसी निश्चित कूट भाषा में,<br>P + Q का अर्थ है कि 'P, Q का पिता है',<br>P # Q का अर्थ है कि 'P, Q की पत्नी है',<br>P & Q का अर्थ है कि 'P, Q का भाई है' और<br>P % Q का अर्थ है कि 'P, Q की बहन है'।<br><br>यदि 'C # A + V & G # K' है, तो C का K से क्या संबंध है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. पति की माता |
| | ✓ B. पत्नी की माता |
| | ✗ C. पत्नी की बहन |
| | ✗ D. पत्नी के पिता |

| Q.57 | एक निश्चित कोड भाषा में,'TIME' को '5046' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'MINE' को '4609' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कोड भाषा में 'N' के लिए कूट क्या है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 6 |
| | ✓ B. 9 |
| | ✗ C. 4 |
| | ✗ D. 0 |

| Q.58 | यदि + का अर्थ – है, – का अर्थ × है, × का अर्थ ÷ है और ÷ का अर्थ + है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>205 − 3 ÷ 262 + 212 × 4 = ? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 823 |
| | ✗ B. 822 |
| | ✓ C. 824 |
| | ✗ D. 825 |

| Q.59 | एक निश्चित तरीके से, MH 10 का संबंध FA 20 से है। उसी तरीके से, PK 9 का संबंध ID 18 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, UP 7 का संबंध दिए गए विकल्पों में से किससे है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. XP 12 |
| | ✓ B. NI 14 |
| | ✗ C. SP 14 |
| | ✗ D. DE 12 |

| Q.60 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, LHQV का संबंध एक निश्चित तरीके से QFVT से है। इसी प्रकार, VDAR का संबंध ABFP से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, FZKN का संबंध निम्नलिखित में से किससे है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. JZQK |
| | ✗ B. LYQK |
| | ✗ C. JWOM |
| | ✓ D. KXPL |

| Q.61 | छह व्यक्ति, A, B, C, D, E और F, एक पंक्ति में, उत्तर की अभिमुख होकर बैठे हैं। E के ठीक दाईं ओर पड़ोस में A बैठा है। E के बाईं ओर चौथे स्थान पर B बैठा है। B और F के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। F के ठीक बाईं ओर पड़ोस में C बैठा है। A के बाईं ओर दूसरे स्थान पर D बैठा है। निम्नलिखित चार में से तीन दी गई व्यवस्था के आधार पर एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक समूह बनाते हैं। वह कौन-सा है, जो उस समूह से संबंधित नहीं है? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. BA |
| | ✗ B. CF |
| | ✗ C. DE |
| | ✗ D. FD |

| Q.62 | दी गई शृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>253 243 234 ? 219 213 |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 223 |
| | ✗ B. 224 |
| | ✓ C. 226 |
| | ✗ D. 225 |

| | |
|---|---|
| Q.63 | एक निश्चित कूट भाषा में, 'ZEST' को '4875' और 'BEST' को '5781' लिखा जाता है। दी गई कूट भाषा में 'Z' का कूट क्या है? |
| Ans | ✗ A. 7 |
| | ✗ B. 5 |
| | ✗ C. 8 |
| | ✓ D. 4 |

| | |
|---|---|
| Q.64 | दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br>56 76 96 116 136 ? |
| Ans | ✗ A. 154 |
| | ✗ B. 153 |
| | ✓ C. 156 |
| | ✗ D. 152 |

| | |
|---|---|
| Q.65 | दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष सत्य है/हैं।<br><br>कथन:<br>कोई पियानो, गिटार नहीं है।<br>सभी गिटार, वायलिन हैं।<br>कुछ वायलिन, ड्रम हैं।<br><br>निष्कर्ष:<br>(I) कुछ पियानो, वायलिन हैं।<br>(II) कुछ गिटार, ड्रम हैं। |
| Ans | ✗ A. केवल निष्कर्ष (I) सत्य है। |
| | ✗ B. केवल निष्कर्ष (II) सत्य है। |
| | ✗ C. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों सत्य हैं। |
| | ✓ D. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) सत्य है। |

| | |
|---|---|
| Q.66 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक समूह बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस समूह से संबंधित नहीं है?<br>(नोट: असंगत अक्षर-समूह व्यंजनों/स्वरों की संख्या या अक्षर-समूह में उनके स्थान पर आधारित नहीं है।) |
| Ans | ✗ A. ABX |
| | ✗ B. KLH |
| | ✗ C. RSO |
| | ✓ D. UWR |

| | |
|---|---|
| Q.67 | दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>342 352 360 366 370 ? |
| Ans | ✗ A. 374 |
| | ✗ B. 376 |
| | ✗ C. 378 |
| | ✓ D. 372 |

| | |
|---|---|
| Q.68 | निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर आएगा?<br><br>LEX 14, OHA 23, RKD 32, UNG 41, XQJ 50, ? |
| Ans | ✗ A. ATM 57 |
| | ✗ B. AQM 59 |
| | ✓ C. ATM 59 |
| | ✗ D. AMT 59 |

| Q.69 | यदि '+' और '–' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>208 – 117 × 9 ÷ 5 + 215 = ? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 59 |
| | ✗ B. 53 |
| | ✓ C. 58 |
| | ✗ D. 55 |

| Q.70 | GQ 14 का संबंध एक निश्चित तरीके से EN 16 से है। उसी प्रकार, KU 22 का संबंध IR 24 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, OY 27 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. MR 29 |
| | ✓ B. MV 29 |
| | ✗ C. PT 29 |
| | ✗ D. PU 28 |

| Q.71 | यदि + का अर्थ - है, - का अर्थ x है, x का अर्थ ÷ है, ÷ का अर्थ + है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>18 - 13 ÷ 15 + 82 x 2 = ? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. 208 |
| | ✗ B. 207 |
| | ✗ C. 206 |
| | ✗ D. 205 |

| Q.72 | पाँच व्यक्ति, A, B, C, D और E, एक पंक्ति में उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। A, पंक्ति के दाएँ छोर से चौथे स्थान पर बैठा है। B और D के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। D, A का निकटतम पड़ोसी नहीं है। A और D के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. 2 |
| | ✗ B. 3 |
| | ✗ C. 1 |
| | ✗ D. 0 |

| Q.73 | दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता/करते है/हैं।<br><br>कथन:<br>सभी शिक्षक, प्रोफेशनल हैं।<br>सभी प्रोफेशनल, डॉक्टर हैं।<br><br>निष्कर्ष:<br>(I): कुछ डॉक्टर, शिक्षक हैं।<br>(II): सभी शिक्षक, डॉक्टर हैं। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है |
| | ✗ B. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है |
| | ✓ C. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं |
| | ✗ D. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है |

| Q.74 | सात व्यक्ति, A, B, C, D, E, F और G, एक पंक्ति में, उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। E के दाईं ओर केवल एक व्यक्ति बैठा है। G और E के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। A और D के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं, जिनमें से कोई भी बाएँ छोर पर नहीं बैठा है। C के ठीक दाईं ओर पड़ोस में F बैठा है। A और B के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। C के बाईं ओर दूसरे स्थान पर कौन बैठा है? |
|---|---|
| Ans | ✔ A. G |
| | ✗ B. D |
| | ✗ C. A |
| | ✗ D. E |

| Q.75 | उस सेट का चयन कीजिए, जिसमें संख्याएं उसी प्रकार संबंधित हैं जैसे कि निम्नलिखित सेटों की संख्याएं संबंधित हैं।<br>(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएं पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएं जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि केवल 13 पर की जा सकती है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)<br><br>(8, 26, 48)<br>(10, 28, 50) |
|---|---|
| Ans | ✗ A. (21, 3, 25) |
| | ✗ B. (9, 27, 48) |
| | ✗ C. (7, 25, 46) |
| | ✔ D. (25, 43, 65) |

| Q.76 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक समूह बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस समूह से संबंधित नहीं है?<br>(नोट: असंगत अक्षर-समूह व्यंजनों/स्वरों की संख्या या अक्षर-समूह में उनके स्थान पर आधारित नहीं है।) |
|---|---|
| Ans | ✗ A. SUQ |
| | ✔ B. BEZ |
| | ✗ C. EGC |
| | ✗ D. ZBX |

| Q.77 | गिरीश अपनी कक्षा में ऊपर से 16वें स्थान पर और नीचे से 26वें स्थान पर है। कक्षा में कितने विद्यार्थी हैं? |
|---|---|
| Ans | ✔ A. 41 |
| | ✗ B. 40 |
| | ✗ C. 35 |
| | ✗ D. 30 |

| Q.78 | सात डिब्बे, A, D, E, M, N, Q और S, एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में हों।<br>N को नीचे से दूसरे स्थान पर रखा गया है। N और A के बीच केवल तीन डिब्बे रखे गए हैं। Q को N के नीचे किसी एक स्थान पर रखा गया है। A और S के बीच केवल D को रखा गया है। E को A के ऊपर किसी एक स्थान पर रखा गया है।<br>M और A के बीच कितने डिब्बे रखे गए हैं? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. चार |
| | ✔ B. दो |
| | ✗ C. तीन |
| | ✗ D. एक |

| | |
|---|---|
| Q.79 | निम्नलिखित संख्या शृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए (सभी संख्याएँ केवल एक-अंकीय संख्याएँ हैं)। गिनती केवल बाएँ से दाएँ की जानी चाहिए।<br><br>(बाएँ) 1 8 1 5 3 8 5 2 5 2 3 3 7 4 4 5 2 7 8 7 2 (दाएँ)<br><br>ऐसे कितने विषम अंक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक सम अंक है और ठीक बाद में एक विषम अंक है? |
| Ans | ✗ A. तीन |
| | ✗ B. एक |
| | ✓ C. दो |
| | ✗ D. चार |

| | |
|---|---|
| Q.80 | यह प्रश्न नीचे दी गई तीन-अंकीय पाँच संख्याओं पर आधारित है।<br><br>(बाएं) 437 504 395 482 273 (दाएं)<br><br>(उदाहरण-697-पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)<br><br>नोटः सभी संक्रियाएं बाएं से दाएं की जानी हैं।<br><br>यदि सबसे बड़ी संख्या के तीसरे अंक को सबसे छोटी संख्या के दूसरे अंक में जोड़ा जाए तो परिणाम क्या होगा? |
| Ans | ✗ A. 9 |
| | ✗ B. 10 |
| | ✗ C. 12. |
| | ✓ D. 11 |

Section : **General Awareness and Current Affairs**

| | |
|---|---|
| Q.81 | केंद्रीय बजट 2025-26 के अनुसार, KCC (किसान क्रेडिट कार्ड) के माध्यम से किसानों, मछुआरों और डेयरी किसानों को कितना बढ़ा हुआ ऋण आवंटित किया गया है? |
| Ans | ✗ A. ₹4 लाख |
| | ✗ B. ₹3 लाख |
| | ✓ C. ₹5 लाख |
| | ✗ D. ₹6 लाख |

| | |
|---|---|
| Q.82 | जुलाई 2025 में, रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन ने ______ में राष्ट्रीय ओपन एरिया रेंज परीक्षण केंद्र में मानव रहित हवाई वाहन लॉन्च प्रेसिजन गाइडेड मिसाइल (ULPGM)-V3 के उड़ान परीक्षणों को सफलतापूर्वक निष्पादित किया। |
| Ans | ✗ A. हैदराबाद, तेलंगाना |
| | ✓ B. कुरनूल, आंध्र प्रदेश |
| | ✗ C. चेन्नई, तमिलनाडु |
| | ✗ D. बेंगलुरु, कर्नाटक |

| | |
|---|---|
| Q.83 | फरवरी 2025 में, AI एक्शन समिट, 2025 किस शहर में आयोजित किया गया? |
| Ans | ✗ A. सियोल, दक्षिण कोरिया |
| | ✓ B. पेरिस, फ्रांस |
| | ✗ C. न्यूयॉर्क सिटी, USA |
| | ✗ D. लंदन, यूनाइटेड किंगडम |

| Q.84 | जनवरी 2025 में कितने पैरा-एथलीटों को अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 20 |
| | ✗ B. 12 |
| | ✓ C. 17 |
| | ✗ D. 15 |

| Q.85 | 2024 में अर्जुन पुरस्कार प्राप्त करने से पहले साजन प्रकाश ने कौन-सी ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. FINA “A” क्वालीफिकेशन टाइम पार करने वाले पहले भारतीय तैराक |
| | ✗ B. ओलंपिक पदक जीतने वाले पहले भारतीय तैराक |
| | ✗ C. ग्रीष्मकालीन और राष्ट्रमंडल खेल दोनों में भाग लेने वाले एकमात्र तैराक |
| | ✗ D. ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाले सबसे युवा भारतीय तैराक |

| Q.86 | सितंबर 2025 में, किस मंत्रालय ने स्वच्छ वायु सर्वेक्षण पुरस्कार और वेटलैंड शहर मान्यता समारोह का आयोजन किया? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय |
| | ✗ B. जल शक्ति मंत्रालय |
| | ✗ C. कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय |
| | ✓ D. पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय |

| Q.87 | जून 2025 में बहुउद्देशीय परिशोधन प्रणाली प्रौद्योगिकी किन कंपनियों को हस्तांतरित की गई? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. दास हिताची लिमिटेड और गोमा इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड |
| | ✗ B. भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड और टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड |
| | ✗ C. भारत फोर्ज एंड मेटलटेक मोटर बॉडीज प्राइवेट लिमिटेड |
| | ✗ D. BEML लिमिटेड और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड |

| Q.88 | मार्च 2025 में निम्नलिखित में से किस वित्तीय संगठन को डिजिटल पहल 'प्रवाह' और 'सारथी' के लिए सम्मानित किया गया? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (SEBI) |
| | ✗ B. राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (NABARD) |
| | ✓ C. भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) |
| | ✗ D. भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (NPCI) |

| Q.89 | गृह मंत्रालय (MHA) ने अगस्त 2025 में भारत के प्रवासी नागरिकों के पंजीकरण को रद्द करने के लिए नए नियम अधिसूचित किए हैं। ये नियम किस अधिनियम के तहत जारी किए गए हैं? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. नागरिकता अधिनियम, 1955 |
| | ✗ B. पासपोर्ट अधिनियम, 1967 |
| | ✗ C. भारतीय दंड संहिता, 1860 |
| | ✗ D. विदेशी अधिनियम, 1946 |

| Q.90 | सतत विकास रिपोर्ट 2025 के अनुसार, भारत में ग्रामीण आबादी के कितने प्रतिशत लोगों के पास सभी मौसमों के लिए सड़कें उपलब्ध हैं? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. 99.0% |
| | ✗ B. 95.6% |
| | ✗ C. 93.7% |
| | ✗ D. 89.9% |

| Q.91 | ग्रामीण भारतीय समाज में झारखंड की जनजातीय आवाज़ों के अन्वेषण पर लेखन के लिए साहित्य अकादमी अवॉर्ड 2025 किसने जीता? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. रस्किन बॉन्ड (Ruskin Bond) |
| | ✗ B. पेरुमल मुरुगन (Perumal Murugan) |
| | ✓ C. पार्वती तिर्की (Parvati Tirkey) |
| | ✗ D. गीतांजलि श्री (Geetanjali Shree) |

| Q.92 | किस संगठन ने भारतीय पुलिस और इंटरपोल के बीच संचार की सुविधा के लिए 2025 में 'भारतपोल (Bharatpol)' प्लेटफॉर्म लॉन्च किया? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (NIC) |
| | ✗ B. राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (NABARD) |
| | ✓ C. केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (CBI) |
| | ✗ D. भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (SEBI) |

| Q.93 | भारत की संसद ने अप्रैल ________ में आप्रवास और विदेशी विषयक विधेयक पारित किया। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 2024 |
| | ✓ B. 2025 |
| | ✗ C. 2021 |
| | ✗ D. 2023 |

| Q.94 | सेंटर फॉर लीगल एक्शन एंड बिहेवियर चेंज (C-LAB's) की जून 2025 की रिपोर्ट के अनुसार, किस भारतीय राज्य में 2024-25 में सबसे अधिक संख्या बाल श्रमिकों का बचाव किया गया? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. राजस्थान |
| | ✓ B. तेलंगाना |
| | ✗ C. उत्तर प्रदेश |
| | ✗ D. बिहार |

| Q.95 | उन्नत अंतरिक्ष प्रौद्योगिकियों में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) के अध्यक्ष डॉ. वी. नारायणन ने 17 मार्च 2025 को निम्नलिखित में से किस संस्थान में एक नए अनुसंधान केंद्र का शुभारंभ किया? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, बॉम्बे (IIT बॉम्बे) |
| | ✗ B. भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर (IIT कानपुर) |
| | ✓ C. भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मद्रास (IIT मद्रास) |
| | ✗ D. भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, गुवाहाटी (IIT गुवाहाटी) |

| Q.96 | जून 2025 में, उष्णकटिबंधीय चक्रवात पूर्वानुमान और चेतावनी प्रणालियों में असाधारण योगदान के लिए, आपदा जोखिम न्यूनीकरण के लिए संयुक्त राष्ट्र सासाकावा पुरस्कार 2025 किसे प्रदान किया गया? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. एसके सतीश |
| | ✗ B. वीरभद्रन रामनाथन |
| | ✗ C. भूपेंद्र नाथ गोस्वामी |
| | ✓ D. मृत्युंजय महापात्रा |

| Q.97 | 18 अक्टूबर 2025 को, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संयुक्त रूप से ______ स्थित ब्रह्मोस इंटेग्रेशन एंड टेस्टिंग फैसिलिटी सेंटर से ब्रह्मोस मिसाइलों के पहले बैच को हरी झंडी दिखाई। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. आगरा |
| | ✗ B. कानपुर |
| | ✓ C. लखनऊ |
| | ✗ D. गाजियाबाद |

| Q.98 | कोको गॉफ़ (Coco Gauff) ने जून 2025 में आयोजित फ्रेंच ओपन (French Open) में महिला एकल का खिताब जीता। वह किस देश का प्रतिनिधित्व करती है? |
|---|---|
| Ans | ✔ A. संयुक्त राज्य अमेरिका |
| | ✘ B. ऑस्ट्रेलिया |
| | ✘ C. यूनाइटेड किंगडम |
| | ✘ D. कनाडा |

| Q.99 | मई 2025 में प्रकाशित पुस्तक "ओरिजिनल सिन (Original Sin)" के सह-लेखक कौन-कौन हैं? |
|---|---|
| Ans | ✘ A. डैन ब्राउन और एरोल डी'क्रूज़ (Dan Brown & Errol D'Cruz) |
| | ✘ B. पी. डी. जेम्स और गिदोन हैघ (P D James & Gideon Haigh) |
| | ✘ C. कैथरीन पेगे हार्डन और के. अरुमुगम (Kathryn Paige Harden & K Arumugam) |
| | ✔ D. जेक टैपर और एलेक्स थॉम्पसन (Jake Tapper & Alex Thompson) |

| Q.100 | 17 जनवरी 2025 को, कितने एथलीटों को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया? |
|---|---|
| Ans | ✘ A. 3 |
| | ✘ B. 2 |
| | ✔ C. 4 |
| | ✘ D. 7 |

"